# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – द्वितीय इकाई
# हिन्दी – कक्षा 8
# सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय: 1 घंटा** **अधिकतम अंक: 20**

**सामान्य निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में **3** मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया गया है। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल **5** प्रश्न हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं। **खंड क, खंड ख,** और **खंड ग।**
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

---

## खंड-क-अपठित गद्यांश

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

किसी ने ठीक ही कहा है कि समय धन के सामान है, अतः सावधानी और सतर्कता से हम अपने धन का हिसाब तो रखें पर समय के हिसाब में थोड़ा ज्यादा ही सावधानी बरतें। कारण धन आता-जाता रहता है, किन्तु गया समय फिर वापस नहीं आता। समय का बजट बनाना जिसने सीख लिया उसने जीने की कला सीख ली, सुख और समृद्धि के भंडार की कुंजी प्राप्त कर ली। समय-विभाजन के अनुसार काम करने पर हम देखेंगे कि हमारे जीवन की व्यस्तता के बिच भी कितनी निश्चितता आ जाती है। सभी काम सुचारु रूप से निश्चित समय पर अनायास होते चलते हैं। कसरत के लिए समय निकल आता है, आध्यात्मिक मनन-चिंतन के लिए भी और पठन-पाठन के लिए भी। यही नहीं, अपने व्यवसाय में भी हम पहले से कहीं अधिक कुशल, कहीं अधिक सक्षम बन जाते हैं। सारी उतावली, सारी परेशानी न जाने कहाँ काफूर हो जाती है। हम जीवन में क्या चाहते ? सुख, समृद्धि, शांति यही न। किंतु ये चीजें तभी मिल सकती हैं, जब इन्हें पाने का निरंतर प्रयास करते चलें। यदि हम व्यायाम के लिए, चिंतन के लिए, अध्ययन के लिए समय नहीं निकाल पाएँगे तो हमारा तन-मन कैसे स्वस्थ और सबल बन सकेगा ? अतः जीवन को सही

अर्थों में सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम इन सभी की साधना में रोज कुछ-न-कुछ समय लगाएँ और यह तभी संभव हो सकेगा जब हम अपने समय का ठीक विभाजन कर लें। वस्तुतः जो समय की कद्र करना सीख गया, वह सफलता का रहस्य समझ गया। हम अपने सुख, अपनी समृद्धि के लिए अपना समय-विभाजन जितना शीघ्र कर लें, उतना ही अच्छा होगा क्योंकि किसी मनीषी ने यह चेतावनी पहले ही दे रखी है कि 'समय और लहरें' किसी की प्रतीक्षा में खड़ी नहीं रहतीं।

**(क) सभी काम सुचारु रूप से निश्चित समय पर कब होते हैं ?** **(1)**

(i) ध्यान लगाकर काम करने पर

(ii) समय-विभाजन के अनुसार काम करने पर

(iii) कसरत के लिए समय निकालने पर

(iv) आध्यात्मिक मनन-चिंतन करने पर

**(ख) 'समय और लहरें' किसी की प्रतीक्षा में खड़ी क्यों नहीं रहतीं ?** **(1)**

(i) समय और लहरें चलायमान होती हैं

(ii) समय चलता है और लहरें खड़ी रहती हैं

(iii) समय के साथ लहरें पानी पर नहीं चलती हैं

(iv) समय और लहरों का कोई साथ नहीं है

**(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -** **(1)**

**कथन (A):** समय का उचित विभाजन करने वाला व्यक्ति ही सफलता के मर्म को जान सकता है।

**कारण (R):** उसके साथ न चलने वाला व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता।

(i) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

(iv) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

**(घ) समय-विभाजन व्यवस्था का जीवन में क्या महत्त्व है ?** **(1)**

## खंड-ख-व्यावहारिक व्याकरण

**प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -** **(1)**

(i) उत्सव (ii) पानी

(ख) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - **(1)**

(i) उचित (ii) विस्तृत

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग शब्द को अलग करके लिखिए - **(2)**

(i) पिपीलिका (ii) तन्मय (iii) श्रमजीवी (iv) भवदीय

**प्रश्न 3. अतिशयोक्ति अलंकार को स्पष्ट करती एक काव्य पंक्ति लिखिए। (2)**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अलंकार को पहचानकर लिखिए - (2)**

(क) उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उनका लगा।
मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा ॥

(ख) वह भी क्या देही है, तिल-सी।
प्राणों की रिलमिल झिलमिल-सी ॥

## खंड-ग-पाठ्यपुस्तक में से

**प्रश्न-5. निर्धारित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :**

(क) कविता में चींटी को सामाजिक कहने के पीछे क्या कारण हैं ? **(2)**

(ख) स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानी सेनानियों के प्रति भावी पीढ़ी के क्या कर्त्तव्य होने चाहिए? 'पाल-चितरिया कांड' पाठ के आधार पर लिखिए। **(2)**

(ग) 'नीर बिना भूलोक का , ज्यों न चले व्यापार 'पंक्ति' का आशय संदर्भ सहित कविता 'वर्षा-महत्त्व' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

(घ) समाज सुधारक संत बसवन्ना को उनके किन योगदानों के कारण याद रखा जाएगा ? **(2)**

(ङ) कविता वर्षा महत्त्व में 'जलधि' किसे कहा गया है ? वर्षा के संदर्भ में इनकी क्या भूमिका है ? **(2)**